हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

11 एलसीएलओ कर्मचारियों की आंदोलन छेड़ने की चेतावनी



12 आज आएंगे सीएम, डीक्रस्ट और एजुकेशन सिटी में कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### युवक को ईंट मारने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने युवक के सिर में ईंट मारकर घायल करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित विनोद पुत्र महेन्द्र निवासी मुरथल, जिला सोनीपत है। मामले में शिकायतकर्ता सूरज पुत्र सतीश निवासी मुरथल ने बताया कि 6 नवंबर की रात वह दूध लेने के लिए पास की दुकान पर गया था, जहां विनोद उर्फ हलवा और उसका भाई जोगिन्द्र मौजूद थे। विनोद ने अपने भाई से कहा कि कुछ दिन पहले सूरज ने उससे गाली-गलौज की थी, जिसके बाद दोनों ने उसे गाली दी और मारपीट शुरू कर दी। जोगिन्द्र ने ईंट से सिर पर वार किया जबकि विनोद ने डंडे से चोट पहुंचाई। तीसरा भाई जितेन्द्र भी मौके पर आकर मारपीट में शामिल हो गया।

### जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर बढ़ाई सुरक्षा

**गोहाना।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के निकट हुए धमाके के बाद जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी है। गुरुवार शाम को जीआरपी की टीम ने स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया और ट्रेनों में भी सामान की जांच की। यात्रियों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। जीआरपी चौकी इंचार्ज बलवान सिंह के नेतृत्व में टीम ने रेलवे स्टेशन के पूरे परिसर की जांच की। स्टेशन पर आए लोगों से पूछताछ करने के साथ उनको सुरक्षा को लेकर जागरूक भी किया। यात्रियों से कहा गया कि कोई संदिग्ध वस्तु नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। अगर किसी व्यक्ति की गतिविधियां भी संदिग्ध नजर आएं तो पुलिस को बताएं। टीम ने ट्रेनों में सामान की जांच की।

### भ्रूण मिलने की अफवाह से हड़कंप, बंदर का निकला

**गन्नौर।** शहर के अग्रवाल अस्पताल के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब लोगों ने एक प्लाट में कपड़े में लिपटा हुआ भ्रूण जैसा शव देखा। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने पाया कि भ्रूण एक खाली प्लाट में कपड़े से ढका हुआ था। प्रारंभिक तौर पर यह भ्रूण मानव बच्चे का प्रतीत हुआ, जिससे मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। हालांकि, जब पुलिस ने कपड़ा हटाकर गहन जांच की तो सच्चाई सामने आई, वह कोई मानव भ्रूण नहीं, बल्कि बंदर के बच्चे का शव था। शव सड़ चुका था और काफी दिनों से वहां पड़ा हुआ था। पुलिस ने लोगों की उपस्थिति में शव को बरामद कर गड्ढा खोदकर उसे दबा दिया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### उत्तर-पश्चिमी हवा से थोड़ी राहत, लेकिन एक्यूआई अब भी बेहद खराब श्रेणी में

# एक्यूआई @ 347: सब्जी मंडी में कूड़ा जला, स्मॉग छाने से बिगड़ रहा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर की हवा में जहर लगातार घुलता जा रहा है। नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के बार-बार निर्देशों के बावजूद खुले में कूड़ा जलाने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। वीरवार को नई सब्जी मंडी क्षेत्र में कूड़ा जलाने की तस्वीरें सामने आईं, जिससे क्षेत्र में धुआं फैल गया। यही नहीं, शहरभर में सड़कों के किनारे पड़ी निर्माण सामग्री और धूल ने भी वायु गुणवत्ता को और बिगाड़ दिया है। उत्तर-पश्चिमी हवा चलने के बावजूद वायु गुणवत्ता में केवल हल्का सुधार ही दर्ज किया गया। वीरवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 347 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। एक दिन पहले यानी बुधवार को यह 372 तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक कूड़ा जलाने और निर्माण सामग्री के खुले भंडारण पर रोक नहीं लगेगी, तब तक वायु गुणवत्ता में सुधार संभव नहीं है।



**सोनीपत।** सब्जी मंडी में जलाए गए कूड़े से उठता हुआ धुआं।

#### मरीजों को हो रही है परेशानी

इससे सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। डॉक्टरों ने बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा रोगियों को सुबह और शाम घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम की ओर से सफाई और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं। सब्जी मंडी, रेलवे रोड, सैक्टर-14 जैसे इलाकों में जगह-जगह कूड़े के ढेर खुले में जलाए जा रहे हैं। इससे आसपास के घरों और दुकानों में धुआं भर जाता है।

#### लगातार चार दिनों से 300 से ऊपर एक्यूआई

नवंबर की शुरुआत से ही जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 200 से ऊपर बना हुआ है। सोमवार को यह 345, मंगलवार को 381, और बुधवार को 372 दर्ज किया गया था। बुधवार के बाद वीरवार को हल्की हवा चलने से थोड़ा सुधार जरूर हुआ, लेकिन हालात अब भी चिंताजनक हैं। सुबह और शाम के समय वातावरण में स्मॉग की परत छाई रहती है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है।

**अधिकतम तापमान में कमी, न्यूनतम में बढ़ोतरी:** मौसम विभाग के अनुसार, वीरवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस था। दिनभर आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवा चलती रही। विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की दिशा बदलने और हल्की गति से चलने के कारण प्रदूषक तत्व जमीन के पास ही बने हुए हैं।

## ग्रैप की सख्ती, मूंगफली भूनने की चार भट्ठियां ध्वस्त, 10 पर जुर्माना

**सोनीपत।** जिले में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप)-3 लागू है, इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। ऐसे ही लोगों के खिलाफ नगर निगम ने अभियान शुरू कर दिया है। जिसके तहत राठधना रोड पर वीरवार को सड़क किनारे झोपड़ी डालकर भट्ठियां जलाकर मूंगफली भून रहे लोगों पर कार्रवाई की। उनका सामान जब्त करने के साथ चार भट्ठियों को ध्वस्त किया। साथ ही मूंगफली भूनने पर 10 लोगों पर 500-500 रुपये जुर्माना लगाया है।

शहरी क्षेत्र में कहीं भी झोपड़ीनुमा दुकान खड़ा कर देना आम बात हो गई है। फुटपाथ पर जगह-जगह अतिक्रमण कर दुकानदार शहर की सूरत बदरंग करने के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में ग्रैप-3 लागू होने के बाद से नगर निगम के अधिकारी सतर्क हो गए हैं। नगर निगम के सफाई निरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में वीरवार को आईटीआई चौक से राठधना रोड अभियान चलाया गया। इस



दौरान चार जगहों पर सड़क किनारे भट्ठियां जलती थी, जिन पर मूंगफली भूनी जा रही थी। ऐसे में नगर निगम की ओर से तुरंत कार्रवाई करते हुए चार भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही मूंगफली बेचने वालों का सामान जब्त करने के साथ जुर्माना भी किया गया। सफाई निरीक्षक ने कहा कि ग्रैप के नियमों का पालन करने के लिए कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। यह दुकानदार पाबंदी के बावजूद मूंगफली भूनकर बेच रहे थे।

### पराली न जलाने की शपथ ली

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा गांव चटिया ओलिया की चौपाल पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता विनोद, कृषि विभाग से आशीष, विपिन, ग्रामवासी, महिलाएं, किसान ने हिस्सा लिया8 अधिवक्ता विनोद ने उपस्थित ग्रामीणों को नालसा एवं हालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम है, वे अपने मामलों के लिए निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यालय जिला न्यायालय परिसर में स्थित है, जहां प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क कानूनी सलाह दी जाती है। आशीष, विपिन ने किसानों को पराली जलाने के पर्यावरणीय और कानूनी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को पूसा डीकंपोजर, कंपोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट, तथा पशु चारे के रूप में पराली के उपयोग करें।

## अवशेष जलाने से रोकने के लिए बढ़ाई सतर्कता



**गोहाना।** प्रशासन और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। गुरुवार को अधिकारियों की टीमों ने संवेदनशील गांवों में पहुंचकर फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जायजा लिया। इसके साथ में गांव कथूरा व बुटाना में फसल अवशेष जलाने पर दो किसानों पर जुर्माना लगाया गया। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय की अध्यक्षता में उप कृषि निदेशक डा. पवन शर्मा, सहायक कृषि अभियंता नवीन हुडा, उपमंडल कृषि अधिकारी डा. राजेंद्र मेहरा, बीडीपीओ डा. परमजीत व जितेंद्र और अन्य अधिकारियों की टीमों ने कथूरा, मुंडलाना व गोहाना खंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर फसल अवशेष प्रबंधन का जायजा लिया। अधिकारियों ने संवेदनशील गांव धनाना, भावड़, घड़वाल, गंगाना, रिंढाना, जागसी व अन्य गांवों में फसल अवशेष प्रबंधन का मुआयना किया। अधिकारियों ने गांव कथूरा व बुटाना में फसल अवशेष जलाने पर दो किसानों पर जुर्माना लगाया।

### पानी छिड़काव के लिए लगाया टेंडर

**गन्नौर। शहर** में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए और ग्रैप लागू होने पर नगर पालिका ने मुख्य सड़कों पर पानी का छिड़काव करने का निर्णय लिया है। इसके तहत नगरपालिका ने टेंडर लगाया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद, चयनित एजेंसी शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैक्टर से पानी का छिड़काव करेगी। नगरपालिका द्वारा चयनित एजेंसी को प्रतिदिन 1700 रुपये का भुगतान किया जाएगा। एजेंसी को शहर के मुख्य सड़कों पर दिन में दो बार पानी का छिड़काव करने की जिम्मेदारी होगी। पानी का छिड़काव प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने में मदद करेगा, जिससे सड़क की धूल और अन्य प्रदूषक तत्वों को कम किया जा सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि पानी का छिड़काव शहर में प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने में मदद करेगा जिससे शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। जब एजेंसी का चयन नहीं होता तब तक नगरपालिका अपने ट्रैक्टरों के माध्यम से शहर में पानी का छिड़काव करवाएगी।

## मुंडलाना में ईंट मारकर बुजुर्ग की हत्या

**गोहाना।** गांव मुंडलाना में बुजुर्ग की ईंटें मारकर हत्या कर दी गई। उसके सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी हमला किया गया। बुजुर्ग ने मछली पालन के लिए तालाब का ठेका ले रखा था और रोजाना की तरह बुधवार रात को तालाब के साथ बने कमरे में ही रुका था। रात को गांव के दो युवक वहां पहुंचे और बुजुर्ग की हत्या कर करके फरार हो गए। सदर थाना गोहाना और उसके अंतर्गत आने वाली मुंडलाना चौकी की पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस मृतक के बेटे की शिकायत पर दो के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

#### मछली का तालाब किराए पर ले रखा था



गांव मुंडलाना के बलराम ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसके पिता भाना ने गांव में बादल वाला तालाब को मछली पालन के लिए ठेके पर ले रखा था। तालाब के पास कमरा बना है। उसके पिता इसी कमरे में रहते थे। बुधवार रात को भी उसके पिता कमरे पर रुके थे। कमरे पर गांव का अजमेर भी उसके पिता के साथ था। रात को उसका चाचा कमरे की तरफ गया था तो वहां पर उसके पिता लहूलुहान हालत में पड़े थे। बलराम के अनुसार अजमेर ने उसे बताया कि रात को गांव के मोहित और मोनू ने उसके पिता भाना की ईंटें मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर दोनों फरार हो गए। बताया गया है कि अजमेर को भी चोट मारी गई। स्वजन तालाब पर गए और भाना को उठाकर भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल लेकर गए। वहां पर चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया।

#### दो युवकों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

मृतक के बेटे की शिकायत पर दो के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। परिवार ने किसी से रंजिश नहीं बताई है। जल्द आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा, जिसके बाद हत्या के कारणों का पता लग पाएगा।

-**संजय कुमार**, प्रभारी, मुंडलाना चौकी

## सत्संग में जाने से मना करने पर की थी पत्नी की हत्या, डेढ़ माह बाद गिरफ्तार

**खरखौदा।** गांव खांडा में ईंट भट्ठे पर पत्नी की हत्या के मामले में डेढ़ माह से पुलिस गिरफ्त से बाहर आरोपी को पुलिस ने वीरवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नरेंद्र उत्तर प्रदेश के संभल का रहने वाला है। आरोपित ने सत्संग में जाने से मना करने पर हत्या करने की बात कही है। 20 सितबंर को बिहार निवासी मैगन मांझी ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि उनकी बड़ी बेटी की उत्तर प्रदेश के संभल जिला के गांव सुजातपुर निवासी नरेंद्र साथ शादी हुई थी। दोनों खांडा गांव के भट्ठे पर पथेर का काम करते थे। 19 सितंबर की सुबह दामाद नरेंद्र ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की। बाद में धारदार हथियार से पेट में वार किया था। दूसरा वार उसकी कमर पर किया था। इसके बाद नरेंद्र वहां से धारदार हथियार सहित भाग गया था। लहूलुहान बेटी को लेकर वह सरकारी अस्पताल पहुंचे थे। खरखौदा से उसे रोहतक रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उनकी बेटी की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

#### कहासुनी होने पर दरांती से किया था हमला



वीरवार को आरोपित नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया है। दोनों की तीन माह की बेटी है। आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि वह पत्नी को साथ लेकर सत्संग में जाना चाहता था। उसकी पत्नी के मना करने पर कहासुनी हुई और उसने दरांती से हमला कर दिया था। जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई।

## ईको में किया युवक का अपहरण, एक गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने युवक का अपहरण करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपित मोहित उर्फ जोकर पुत्र जगमेन्द्र निवासी गांव माहरा, जिला सोनीपत का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, 11 नवंबर को कुलदीप पुत्र रघुबीर सिंह निवासी गांव जठेड़ी ने थाना राई में शिकायत दर्ज कराई थी कि शाम लगभग साढ़े चार बजे हर्ष पुत्र अमित निवासी जठेड़ी ने उसे बताया कि उसके पुत्र अर्जुन की ऑटो को रोककर तीन-चार लोग उसकी मारपीट करने के बाद जबरन एक ईको गाड़ी में बिठाकर ले गए हैं। कुलदीप और हर्ष ने जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि अर्जुन का दोपहर में बिसवां मिल चौक जीटी रोड पर जोकर नाम के ईको चालक से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद जोकर और उसके साथियों ने अर्जुन का अपहरण कर लिया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेन्द्र की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित मोहित उर्फ जोकर को गिरफ्तार किया।

**मौका पाकर भाग निकला था अर्जुन:** पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित मोहित एवं अन्य अर्जुन को अपनी ईको गाड़ी में लेकर माहरा गांव के पास पहुंचें थे। यहां पर सभी आरोपित गाड़ी के बाहर आकर पास में ही खड़े थे। इसी दौरान मौका पाकर अर्जुन गाड़ी से निकला और मौके से भाग गया।

### अब सोनीपत से फिर मिलेंगी डीटीसी की एसी ई-बसें

# तीन वातानुकूलित ई-बसों से रोजाना होगा आवागमन यात्रियों को मिलेगी आरामदायक यात्रा की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने सोनीपत-दिल्ली मार्ग पर अपनी वातानुकूलित ई-बस सेवा शुरू कर दी है। वीरवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई ई-बस सेवा शुरू होने से दिल्ली और सोनीपत के बीच रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। डीटीसी की ओर से तीन ई-बसें प्रतिदिन सुबह और शाम दोनों समय दिल्ली से सोनीपत के बीच चलाई जाएंगी। यात्री इन आधुनिक, वातानुकूलित और प्रदूषण रहित बसों में आरामदायक सफर का आनंद ले सकेंगे। नई डीटीसी ई-बस सेवा शुरू होने से रोजाना दिल्ली आने-जाने वाले छात्रों, कर्मचारियों और व्यापारियों में उत्साह है। यात्रियों का कहना है कि यह बसें समय की पाबंद, प्रदूषण मुक्त और अधिक सुरक्षित हैं। ठंडी या गर्मी किसी भी मौसम में आरामदायक सफर का विकल्प मिलने से लोगों को निजी वाहनों पर निर्भरता घटेगी। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रहने पर आने वाले समय में ई-बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।



#### ये रहेगा रूट प्लान

डीटीसी की ई-बसें दिल्ली के महाराणा प्रताप आईएसबीटी से चलकर जीटीबी नगर, आजादपुर टर्मिनल, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, मुकरबा चौक, अलीपुर, कुंडली-सिंघु बॉर्डर, इंडस्ट्रियल एरिया कुंडली, टीडीआई सिटी, रसोई, नांगल कलां मोड़, बीसवां मील, राई, बहालगढ़, जाट जोशी और फाजिलपुर होते हुए सोनीपत बस स्टैंड तक पहुंचेंगी।

#### समय निर्धारित

इन बसों के संचालन के लिए समय भी तय कर दिया गया है। दिल्ली आईएसबीटी से बसें सुबह 4:45, 5:15 और 5:45 बजे तथा शाम को भी इन्हीं समयों पर रवाना होंगी। वहीं सोनीपत से दिल्ली के लिए प्रस्थान सुबह 7:10, 7:25 और 8:10 बजे तथा शाम को 7:30, 8:00 और 8:30 बजे रहेगा। करीब 50 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए यात्रियों को 67 रुपये किराया देना होगा। हालांकि सामान्य बसों में यह किराया 45 रुपये था।

#### कोरोना के बाद बंद हुई सेवा, अब शुरू

गौरतलब है कि कोरोना महामारी से पहले दिल्ली और सोनीपत के बीच डीटीसी बसों का नियमित संचालन होता था, लेकिन लॉकडाउन के बाद यह सेवा बंद कर दी गई थी। इसके बाद से यात्रियों को हरियाणा रोडवेज की बसों या निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब डीटीसी की ई-बस सेवा शुरू होने से इस मार्ग पर यात्रा एक बार फिर सहज और सुविधाजनक हो गई है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा रोडवेज ने भी सोनीपत से ई-एसी बस सेवा की शुरुआत इसी वर्ष 26 जनवरी को की थी। फिलहाल राज्य की पांच ई-बसें सोनीपत से कुंडली बॉर्डर तक संचालित हो रही हैं। हरियाणा रोडवेज प्रबंधन ने दिल्ली तक ई-बस सेवा के विस्तार के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा हुआ है, फिलहाल उस पर मंजूरी नहीं मिल पाई है।

## कैंटर से अवैध शराब की खेप बरामद

**खरखौदा।** पुलिस ने गश्त के दौरान चंडीगढ़ मार्के की 515 शराब की पेटी पकड़ी हैं। पुलिस ने उक्त कार्रवाई गाँव हलालपुर-मंडौरी रोड कट के पास की, जहां एक लाल रंग की टाटा गाड़ी (कैंटर) को रोकने की कोशिश की गई थी, लेकिन चालक ने गाड़ी को भगा लिया और सड़क पर छोड़कर भाग गया। गिनती किए जाने पर 145 पेटी अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48 पव्वे मार्का स्टार गोल्ड फोर सेल इन यू टी चंडीगढ़ ओनली तथा 370 पेटी देशी शराब मार्का जन्नत मस्त संतरा प्रत्येक पेटी में 50 पव्वे सेल इन यू टी चंडीगढ़ ओनली मिली। सभी 515 शराब की पेटियां चंडीगढ़ की पाई गई। जिसकी कुल कीमत लाखों रुपये बताई जाती है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार के अनुसार यह अवैध शराब है और इसे चंडीगढ़ से लाया गया था। पुलिस ने शराब को आहता चौकी सैदपुर में निगरानी में खड़ा किया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।




### ई-रिक्शा चोरी गिरोह का पर्दाफाश

## तीन आरोपी गिरफ्तार, 15 वाहन चोरी करने की बात कबूली, दिल्ली में बेचते थे

**सोनीपत।** ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत सोनीपत पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र की टीम ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर खुलासा किया कि इनमें एक आरोपी ई-रिक्शा चोरी करता था, उसके दो साथी चोरी के रिक्शा में दिल्ली में बेचने का काम करते थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 10 ई-रिक्शा बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद शहनवाज पुत्र मोहम्मद रियाज निवासी जिला अररिया (बिहार) हाल पटेल नगर सोनीपत, सौरभ पुत्र अनील निवासी करन विहार वेस्ट दिल्ली तथा दीपक उर्फ दीपू पुत्र विजय बहादुर निवासी किरड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। इस मामले में डीसीपी नरेंद्र कादियान ने वीरवार को प्रेस वार्ता भी की।



#### एशोआराम में उड़ाते थे पैसे

*जानकारी के अनुसार, 11 नवंबर को सतीश पुत्र शमराज निवासी गांव बागडू ने थाना सेक्टर-27 में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी ई-रिक्शा लेकर जीवनदीप अस्पताल गया था। उसने रिक्शा को अस्पताल के बाहर खड़ा किया, लेकिन लौटने पर वह वहां नहीं मिली। इस पर थाना सेक्टर-27 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की टीम ने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सोनीपत शहर से अब तक करीब 15 ई-रिक्शा चोरी की हैं, जिन्हें बाद में दिल्ली में बेच दिया गया। पुलिस अब आरोपितों से चोरी की अन्य घटनाओं और उनके नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि पूरे गिरोह का खुलासा किया जा सके। पता चला है कि ई-रिक्शा बेचने के बाद मिले रुपयों को तीनों ऐशोआराम में उड़ा देते थे। इनका पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।*

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट

बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज हैं?



## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगा: सुभान खान



**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।' *

## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिले: हरीति जोशी





**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है,'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगा: सैयांश गुप्ता




**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा जाता है तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरे विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'

सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।' * **प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स**

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक


कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

## सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेबनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धि:** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।




**कहां से मिली प्रेरणा:** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वी:** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।




एआई इमेज



कहानी
गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

## नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंने कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।


हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *




**पुस्तक:** हारिए न हिम्मत, **लेखक:** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



प्रियांशु, रायपुर



ईशान, ई-मेल से



सूर्यांश, बिलासपुर



पराग, ई-मेल से


**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।





## खबर संक्षेप

### आनंद शर्मा इनेलो के जिला महासचिव नियुक्त



**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव छपरा निवासी आनंद शर्मा पुत्र जय किशन शर्मा को इनेलो की जिला सोनीपत इकाई का महासचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला के निर्देश पर उनकी यह नियुक्ति जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत द्वारा की गई है। नवनियुक्त जिला महासचिव आनंद शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उनको यह जिम्मेवारी सौंपी है उसे वे कभी कम नहीं होने देंगे।

### जटवाड़ा में चलाया जागरुकता अभियान



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज के रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ा में रोड सेफ्टी अवेयरनैस एंड नेचुरल डिजास्टर मैनेजमेंट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। संयोजक प्राध्यापिका डा. स्मिति अग्रवाल के निर्देशन में प्राध्यापिका डा. पिंकी दहिया, कीर्ति मलिक, पूजा सरोहा तथा छात्राओं ट्विंकल, कृतिका व साक्षी ने स्कूली विद्यार्थियों को सडक़ यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनकी पूर्ण अनुपालना पर बल दिया।

### वंदे मातरम गीत की वर्षगांठ पर राष्ट्रीय एकता का संदेश

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में गुरुवार को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने इस राष्ट्रीय गीत की सामूहिक प्रस्तुति के साथ चेन बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश और राष्ट्रहित में हमेशा अडिग रहने की प्रेरणा दी। मार्गदर्शन प्राचार्या मीनाक्षी सांगवान का रहा। संयुक्त संयोजन प्राध्यापक सुनील कुमार और डॉ. संदीप कुमार ने किया। महिला महाविद्यालय में यह कार्यक्रम राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वंदे मातरम गीत की समूह गायन प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण प्रथम, फरीन द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनु तृतीय स्थान पर रही।

## कर्मचारियों ने कैबिनेट मंत्री के पीए को ज्ञापन सौंपा

# मांगों को लेकर एलसीएलओ कर्मचारियों ने दिया धरना

*पोस्ट बदलने और वेतन न मिलने पर हड़ताल की दी चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

लंबित मांगें पूरी न करने से नाराज सीआरआईडी विभाग के एलसीएलओ कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है। मांगें पूरी न होने से नाराज कर्मचारियों ने गुरुवार को धरना देकर प्रदर्शन किया और आंदोलन छेडऩे की चेतावनी दी। मांगें पूरी करवाने के लिए कर्मचारियों ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के पीए सुनील शर्मा को ज्ञापन भी सौंपा। गोहाना में कर्मचारियों के धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रितु नैन ने की और संचालन रोहित धानिया ने किया। रितु नैन ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने एलसीएलओ कर्मचारियों की सभी लंबित मांगे पूरी करवाने का वादा किया था। चुनाव हुए आज एक वर्ष हो चुका है लेकिन कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं की गई। गुरुवार को एलसीएलओ कर्मचारी कैबिनेट मंत्री को अपना वादा याद दिलवाने आए हैं। कर्मचारी अपनी मांगें पूरी करवाने को लेकर कई बार मुख्यमंत्री से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक उनके कानों पर भी जूं तक नहीं रेंगी है। इस अवसर पर कीर्ति झज्जर, सचिन बेनीवाल, दीपक, नवीन रोहिला मीना सिवाच, नितिश, रामधन, संदीप, जितेंद्र शर्मा, वीरेंद्र चोपड़ा, अशोक, दीपक मलिक, सीटू राज्य सचिव सुनीता, कर्मचारी नेता सुरेश यादव व छवी उपस्थित रहे।



गोहाना। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महिला कर्मचारी नेता।

### सीपीएलओ को एलसीएलओ बनाया

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि एलसीएलओ कर्मचारियों को 18 महीने पहले सीआरआईडी विभाग ने परीक्षा लेकर हरियाणा के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए थे। लेकिन अब तक इन कर्मचारियों को न तो ड्यूटी दी गई और न ही वेतन बल्कि इनकी पोस्ट बदलकर सीपीएलओ से एलसीएलओ बना दिया। सरकार समय रहते एलसीएलओ का मसला हल नहीं करती है तो कर्मचारी हड़ताल करेंगे।

### हटाए गए कर्मियों को वापस लेने की मांग



सोनीपत। धायक निखिल मदान को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी एवं जिला पार्षद।

*सोनीपत। बिजली विभाग में ठेके से हटाए गए कर्मचारियों ने वीरवार को विधायक निखिल मदान के कार्यालय पहुंच कर विधायक को ज्ञापन सौंपा। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर हटाए गए कर्मचारियों को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने विधायक को ज्ञापन देते हुए कहा कि हटाए गए कर्मचारियों को हरियाणा कौशल निगम के तहत शामिल किया जाए। विधायक निखिल मदान ने आश्वासन दिया कि कल मुख्यमंत्री राई आ रहे हैं, उनसे बात करके जल्द से जल्द हटाए गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग उठाई जाएगी। संजय बड़वासनिया ने कहा कि कर्मचारी लगातार तीन दिन से धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही।*

### सफाई कर्मियों का आमरण अनशन शुरू



सोनीपत। गर निगम में विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

*सोनीपत। नगर निगम सोनीपत में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना यूनियन के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का धरना जारी है। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने किया। प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि हटाए गए सफाई कर्मचारियों का आंदोलन पिछले महीने 1 अक्तूबर से हड़ताल के रूप में शुरू हुआ था, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण 1 नवंबर 2025 से यह भूख हड़ताल में बदल गया। कर्मचारियों की मुख्य मांगें हैं कि ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए, सभी हटाए गए निर्दोष कर्मचारियों को पुनः काम पर लिया जाए, सफाई कर्मचारियों को रोजगार की गारंटी दी जाए और 24 मई 2018 के जारी पत्र को लागू किया जाए। साथ ही 2019 से 2021 तक का बकाया एरियर देने की भी मांग की गई है।*

## फसल अवशेष से संबंधित कृषि यंत्रों का ऑनलाइन ड्रॉ



सोनीपत। ऑनलाइन ड्रा के दौरान उपस्थित अधिकारीगण।

**सोनीपत।** फसल अवशेष से संबंधित कृषि यंत्रों का वीरवार को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन ड्रॉ किया गया। जिसमें जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी के द्वारा किसानो का चयन किया गया। जिसमें में से सुपर सीडर के 42, बेलर मशीन के 16, स्ट्रॉ रैक के 2, रोटरी स्लेशर के 14, लोडर के 13, जीरो टील के 9, सुपर एसएमएस के 5, रीपर बाइंडर के 2, स्मार्ट सीडर के 2, रिवर्सिबल एमबी प्लॉ के 4, पैडी स्ट्रॉ चॉपर के 38 व सर्फेस सीडर के 2 शामिल है। अब इन सभी के पोर्टल पर दस्तावेज जांचकर इनको ऑनलाइन अप्रूवल दी जाएगी। जिसके बाद किसान कृषि यंत्र को खरीद कर बिल पोर्टल पर अपलोड कर सकते है। किसानों को 30 नवम्बर तक कृषि यंत्र खरीदने होंगे और 10 दिसंबर तक बिल पोर्टल पर अपलोड करवाने होंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन संबंधित कृषि यंत्रों के ऑनलाइन आवेदन कृषि विभाग के पोर्टल पर 20 अगस्त तक लिए गए थे। सोनीपत जिले में 1953 किसानों ने पोर्टल पर फसल अवशेष संबंधित कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें से पहले स्तर में 645 का चयन हुआ था।अब शेष आवेदकों में से 149 का चयन किया है।

## रिफंड के बहाने बैंक खातों से रकम निकाल ले गए साइबर ठग

■ कंपनी का फर्जी अधिकारी बनकर लूटे एक लाख 47 हजार रुपये

सोनीपत। ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर साइबर ठगों ने बड़ी ठगी की। मीशो ऐप से सामान ऑर्डर करने वाले सोनीपत सेक्टर-12 निवासी उमेश चंद्र से ठगों ने 1,47,352 रुपये उड़ा लिए। आरोपी ने खुद को कंपनी का अधिकारी बताया और रिफंड दिलाने का झांसा दिया। उमेश ने ठग के बताए अनुसार मोबाइल पर कुछ स्टेप पूरे किए। इसके बाद उनके बैंक ऑफ बड़ौदा और आईडीबीआई खातों से क्रमशः 48 हजार, 95 हजार, 4 हजार और मोबाइल रिचार्ज में 352 रुपये ट्रांसफर हो गए। एक ट्रांजेक्शन 4,999 रुपये का असफल रहा। ठगी की वारदात ने फिर से साइबर सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है।

### सूचना

मैं, मूर्ति देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार निवासी मकान नम्बर 1944/31 गली नं. 4 शास्त्री कालोनी सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा नाम मूर्ती देवी है गलती से मेरा नाम मोना सैनी लिखा हुआ है जो ग़लत है। मेरा सही नाम मूर्ती देवी है (Murti Devi) है। भविष्य में मुझे मूर्ती देवी के नाम से जाना जाए।

## युवा महोत्सव झूमर-2025 का आरपीएस इंजि.कॉलेज बलाना बना ओवरऑल चैम्पियन



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के सौजन्य से हरी-भरी वादियों, अरावली की शैल मालाओं के बीच 8वां तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव झूमर का अंतिम दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली महोत्सव में आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर अपनी सर्वश्रेष्ठता को एकबार फिर से साबित कर दिया है। पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थी विभिन्न सात मंचों पर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपीएस चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, संस्था डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डॉ. करण सिंह डीएसडब्ल्यू, डॉ. अदिति शर्मा डीवाईडब्ल्यू एवं डॉ. सुशांत असिस्टेंट डॉयरेक्टर एडीवाईडब्ल्यू रहे। विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डीन प्रो. आरएस यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमन्त कुमार रहे।

## पुराने मार्केट कमेटी रोड पर पेड़ छंटाई की मांग पर कार्रवाई नहीं

■ शिकायत के बावजूद विभाग नहीं कर रहे कार्य

■ राहगीरों को हाई वोल्टेज तारों से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रेलवे स्टेशन से पुल तक जाने वाले पुराने मार्केट कमेटी रोड पर पेड़ों की शाखाओं की छंटाई की मांग को लेकर पार्षद शिवानी जैन की शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन ने बताया कि पेड़ों की छंटाई करवाने को लेकर 3 नवंबर को समाधान शिविर में शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि इस मार्ग पर पेड़ों की शाखाएं आधे से अधिक सड़क तक फैली हुई हैं। यह राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनती हैं। इस मार्ग से बिजली की हाई वोल्टेज तारें भी गुजरती हैं। कई बार इन तारों में पेड़ों की डालियां उलझ जाने से चिंगारियां उठती हैं, जिससे बंदर, पक्षी कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं। अब आरोप है कि पेड़ों की छंटाई के लिए वन विभाग और नगर पालिका दोनों ही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। शिकायत के बावजूद अब तक पेड़ों की छंटाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम से मामले में संज्ञान लेते हुए शीघ्र पेड़ों की छंटाई करवाने की मांग की है।




गन्नौर। रेलवे स्टेशन से पुल तक जाने वाले पुराने मार्केट कमेटी रोड पर फैली पेड़ों की शाखाएं।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

**हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत**

**फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005**

### वार्ड 4 में 80 लाख रुपये से होंगे विकास कार्य

**सोनीपत।** वीरवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 4 के सेक्टर 12 में पहुंचे जहां उन्होंने तिरंगा पार्क में नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक और क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 4 के तिरंगा पार्क में लगभग 24 लाख रुपये की लागत से ओपन जिम, झूलों की मरम्मत की जाएगी। इसके साथ ही पार्क की चारदीवारी और रेलिंग की मरम्मत के साथ रंग रोगन किया जाएगा। साथ ही लोगों के घूमने के लिए बने फुटपाथ की भी मरम्मत की जाएगी।



## जटवाड़ा में ऑपरेशन ट्रेकडाउन के बारे में किया जागरूक



सोनीपत। जटवाड़ा में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए एसीपी।

**सोनीपत।** सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमित धनखड़ गांव जटवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित मुहिम "ऑपरेशन ट्रेकडाउन" की जानकारी दी। एसीपी धनखड़ ने बताया कि यह अभियान जिले में अपराध करने वाले तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने, असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम और जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाने हेतु चलाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराध, चोरी-स्नेचिंग, नशे के दुष्प्रभाव तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही एसीपी धनखड़ ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान प्रधान वीरेंद्र खत्री, राजेंद्र खत्री, महताब खत्री, ओमकंवार खत्री, स्वर्णकार संघ से प्रधान नीरज वर्मा, सूबे सिंह फौजी, राकेश कुच्छल आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** गीता जयंती महोत्सव पर प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया सम्मानित

# नई पीढ़ी के जीवन में नैतिक मूल्य एवं आदर्शों का विकास करना उद्देश्य : अतुल

*निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला एवं श्लोक उच्चारण स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने लिया भाग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढी ब्राह्मण में खंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत सूरजभान एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी अतुल कुमार प्राचार्य के मार्गदर्शन में खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 प्रथम श्रेणी एवं कक्षा 9 से 12 द्वितीय श्रेणी के विद्यार्थियों के राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एबीआरसी मोनिका दहिया एवं बीआरपी मंजू कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में भगवत गीता एवं श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला, संवाद, प्रश्नोत्तरी एवं श्लोक उच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने गीता उपदेश एवं श्री कृष्णा के आदर्शों को भली भांति दर्शाया।

अतुल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हमारी नई पीढ़ी के जीवन में नैतिक मूल्य एवं आदर्शों का विकास करना है। कार्यक्रम में शशि, सीमा, ईशा, रितु, मंजू, सुनील, मनजीत, परमजीत, प्रीति, हरेंद्र आदि ने प्रतियोगिता के संचालन में सहयोग प्रदान किया। वहीं निर्णायक मंडल में सुमन, बिजेंद्र, अनीता, सविता, राजी, निकेंद्र, सरोज आदि ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के अंत में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों के खाते में नकद पुरस्कार की राशि भेजी जाएगी।



सोनीपत। जिता विद्यार्थियों के साथ शिक्षा अधिकारी, अतिथिगण एवं स्कूल स्टाफ।

### हैप्पी चाइल्ड विद्यालय के विद्यार्थी छाए




सोनीपत। हैप्पी चाइल्ड के विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**सोनीपत।** खंड स्तरीय गीता महोत्सव में हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महलाना रोड के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में शिरकत की और अपनी प्रतिभा का लोहा मानवता हुए विभिन्न स्थानों पर कब्जा किया। ज्येष्ठ वर्ग में श्लोक उच्चारण में रिषिता तृतीय स्थान पर रही वहीं कनिष्ठ वर्ग में श्लोक उच्चारण में रूपांशी ने द्वितीय स्थान पर कब्जा किया तथा रिद्धि ने भी भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्येष्ठ वर्ग से गीता कला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रकार से हैप्पी चाइल्ड के चार विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थानों पर रहते हुए हैप्पी चाइल्ड का मान बढ़ाया। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान तथा निर्देशिका तमन्ना निझावन ने सभी विजेताओं की प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को बताया जवाहरलाल नेहरू का पारिवारिक परिचय

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7) सोनीपत में आज प्रातःकालीन सभा के दौरान बच्चों को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के पारिवारिक परिचय के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद अध्यापक/अध्यापिका ने नेहरू जी के जीवन और उनके परिवार के बारे में रोचक जानकारी दी।

### गोहाना को भीख मुक्त बनाने का अभियान चलेगा

**गोहाना।** सज्जन सेवा संघ और बलिदानी भगत सिंह ब्रिगेड द्वारा गोहाना को भीख मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ब्रिगेड की गोहाना इकाई के अध्यक्ष मास्टर राजेश लठवाल ने बताया कि दोनों संस्थाओं द्वारा बस स्टैंड पर रोटी व कपड़ा बैंक चलाया जा रहा है। यहां पर रोजाना लंगर लगाया जाता है। अब दुकानदारों व आम लोगों को जागरूक किया जाएगा कि अगर कोई भीख मांगता नजर आए तो उसे गोहाना बस स्टैंड पर भोजन करने के लिए भेजें।

### पदक विजेताओं को सम्मानित किया

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विधायक इंदुराज नरवाल की पत्नी संजीत नरवाल ने गुरुवार को कथूरा स्थित किड्स वैली कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित समारोह में पदक विजेता खिलाडिय़ों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। वे इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी कॅरियर निर्माण के लिए प्रेरित किया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल पहुंचे स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय

**सोनीपत।** स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय देश दुनिया से पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगा, जहां 100 से 5000 हज़ार साल पुरानी वस्तुएं सजाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने संग्रहालय में स्थापित 13 गैलरियों का अवलोकन किया और कहा कि यह संग्रहालय सोनीपत के पुराने इतिहास को भविष्य की पीढ़ी को जानने का अवसर मिलेगा।

## दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

# आज आएंगे सीएम, डीक्रस्ट और एजुकेशन सिटी में होंगे कार्यक्रम

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले डीसीआरयूएसटी मुरथल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से करेंगे 72वें सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ**

*डीसीआरयूएसटी में 72वें सहकारिता सप्ताह व राई एजुकेशन सिटी में दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस पर होंगे राज्यस्तरीय कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

14 नवंबर को जिला में आयोजित होने वाले 72वें सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ तथा अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिकारियों ने दोनों महत्वपूर्ण राज्यस्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। एजुकेशन सिटी में तो कार्यक्रम का जायजा लेने के लिये सीएम के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा भी पहुंचें और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान अधिकारियों ने लोगों के बैठने के लिए की गई व्यवस्था, पंडाल निर्माण, मंच तैयारियों, साउंड सिस्टम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाओं, फायर सेफ्टी, वीवीआईपी गेट, मीडिया गेलरी, स्वागत मार्ग और मुख्य मंच, ट्रैफिक प्रबंध, पार्किंग, वीआईपी रूट और आपातकालीन सेवाओं के बारे में गहनता से समीक्षा की। इस मौके पर उपायुक्त सुशील सारवान, कॉपरेटिव सोसायटिज हरियाणा के रजिस्ट्रार अमरदीप, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी प्रबीना पी, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए सीएम ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा साथ में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण।

### सांस्कृतिक मंच पर कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

एजुकेशन सिटी में आयोजित कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उनके बैठने के लिए पंडाल में कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच के अलावा एक सांस्कृतिक मंच भी बनाया गया है जहां पर प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही पंडाल में अलग-अलग सेक्टर बनाए गए है और उनमें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पंडाल में जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगाई गई है ताकि लोगों को कार्यक्रम के दौरान होने वाली सभी गतिविधियां अच्छी प्रकार दिख सके।

### पहले डीक्रस्ट फिर राई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबसे पहले डीसीआरयूएसटी, मुरथल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए 72वें सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहेंगे। सहकारिता से जुड़ी विभिन्न समितियों, संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान संगठनों के प्रतिनिधित भाग लेंगे। इस दौरान सहकारिता विभाग व सहकारी समितियों हैफेड, वीटा, शुगरफेड, हरको बैंक, एचएससीएआरडीबी, लेबरफैड, हाउसफैड तथा हरकोफैड द्वारा कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री एजुकेशन सिटी राई में दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन दादा कुशाल सिंह दहिया के वीर शौर्य परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और धर्म व समाज के लिए किए गए उनके अमर बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में हरियाणा व अन्य राज्यों से विभिन्न खापों के प्रतिनिधि, सभी जातियों के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के जुडे लोगों के साथ-साथ आसपास के नागरिक शामिल होंगे।

**अतिक्रमण न हटाने पर होंगे केस दर्ज**

## गन्नौर में नियमित रूप से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। डीसीपी ट्रैफिक ने अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते अब गन्नौर शहर के बाजारों में भी नियमित रूप से अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में नगर पालिका और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास होंगे। अतिक्रमण करने वालों को पहले नोटिस जारी किया जाएगा, जिससे वे निर्धारित समय के भीतर अपने अतिक्रमण को हटाने के लिए बाध्य होंगे। अगर नोटिस जारी होने के बाद भी अतिक्रमण हटाया नहीं जाता, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में 285 बीएनएस के तहत केस भी दर्ज किया जाएगा। डीसीपी के आदेशानुसार अतिक्रमण की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।





### व्यापार मंडल ने दुकानदारों से की अपील

व्यापार मंडल गन्नौर के कार्यवाहक अध्यक्ष संदीप सिंघल ने व्यापारियों से अपील की गई है कि वे अपने व्यापारिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ सभी को मिल सके। यदि कोई दुकानदार अतिक्रमण करता हुआ पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई हो सकती है, ऐसे में दुकानदार नियमों का पालन करें ताकि उन्हें किसी तरह का परेशानी न उठानी पड़े।

### शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में करें मदद

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने कहा कि नगरपालिका व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। लोगों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस अभियान में प्रशासन का सहयोग करें और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में मदद करें।

### गली में गेट लगाने पर सीएम विंडो पर दी शिकायत

**गन्नौर।** बसंत विहार कालोनी के लोगों ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायकर्ताओं ने बताया कि उनकी गली में कुछ लोगों ने अवैध रूप से दो लोहे के गेट लगवा दिए हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। कुछ लोग रात को गेट बंद कर ताला लगा देते हैं और अपनी मर्जी से सुबह खोलते हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि अगर रात के समय किसी व्यक्ति का स्वास्थ्यबिगड़ जाए तो इलाज करवाना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं साइड की गली संकरी है और वहां आवारा कुत्तों का आतंक है, जिससे लोग उस रास्ते से जाने से कतराते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नगरपालिका सचिव को इस बारे में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## शौचालयों के मुद्दे पर हुई बैठक, मेयर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- नगर निगम क्षेत्र में शौचालों को लेकर मेयर ने की बैठक

नगर निगम क्षेत्र में नये सार्वजनिक शौचालय बनाने, नये बने शौचालय को शुरू करने एवं पुराने शौचालयो का रखरखाव सही ढंग से करने के मुद्दे को लेकर नगर निगम मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई बैठक में सार्वजनिक शौचालय बारे तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये। बैठक में राजीव जैन ने कहा कि आईटीआई, तिरंगा चौक एवं बस स्टैंड के समीप सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है इन्हें जल्द से जल्द जनता के उपयोग के लिए खोला जाये, सेक्टर 23 के समीप, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली के सामने, राई गांव में प्राईमरी स्कूल के निकट नये शौचालय बनाए जाये।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित मेयर राजीव जैन साथ में अधिकारीगण।

### जर्जर शौचालयों की करवाई जाएगी मरम्मत

राजीव जैन ने कहा कि पुलिस लाईन के सामने, मुरथल अड्डा, सुंदर सावरी, बस अड्डा, अग्रसैन चौक, शनि मंदिर के सामने तथा सिविल अस्पताल में बने हुए शौचालय जर्जर हालत में है, या तो इनकी मरम्मत करवाई जाये और जहां अस्थाई शौचालय हैं उनके स्थान पर नये शौचालय बनाये जाये। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जो शौचालय सुलभ इंटरनेशनल को संचालन हेतु दिए गए थे और वह नहीं कर रहे तो वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाए। मेयर ने कहा कि पिछली बार स्वच्छता सर्वेक्षण में सार्वजनिक शौचालय की स्थिति पर संतोषजनक रिपोर्ट नहीं थी इसलिए भी शौचालय के हालात ठीक करने जरूरी है। बैठक में स्वच्छता के नोडल अधिकारी अनिल दून, कार्यकारी अभियंता पद्म भूषण एवं विशाल गर्ग तथा मुख्य सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया उपस्थित रहे।

## पाखंड व अंधविश्वास से बचाता है आर्यसमाज

### समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पाखंड और अंधविश्वास ने देश को बर्बाद किया है। इससे हमें केवल आर्य समाज ही बचा सकता है क्योंकि यह कोई मत, मजहब नहीं बल्कि वेदों का प्रचार-प्रसार करने वाला एक संगठन ही है। ये विचार वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने व्यक्त किए। वे वीरवार को शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे पांच कुंडीय अथर्ववेद पारायण महायज्ञ में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए आर्य समाज के पदाधिकारी।

### वेदों की ओर लौटो

महायज्ञ के ब्रह्मा ने कहा कि आज समाज में फैल रहा पाखंड और अंधविश्वास चिंता का विषय है। इसके लिए हमें महर्षि दयानंद सरस्वती के उपदेशानुसार वेदों की ओर लौटना पड़ेगा क्योंकि वेद ही ईश्वरीय वाणी है।

### वेदमार्ग से जीवन कल्याण

महायज्ञ के ब्रह्मा ने कहा कि अथर्ववेद में अंगिरा ऋषि के उपदेशानुसार यज्ञ न करने वाले का तेज, यश, धन, स्वास्थ्य, आयु, सुख सब नष्ट हो जाते हैं, इसलिए सुखी और आनंदमयी जीवन बिताने के लिए हम सभी को बाहरी आडंबर या पाखंड की बजाय वेद के अनुसार यज्ञ करना चाहिए। वेद के अनुसार चलने से हमारा निश्चित तौर पर कल्याण होगा। महायज्ञ में मंजीत गहलावत-रीना, प्रमोद दहिया-ज्योति, धर्मेंद्र शौकन-नीलम महायज्ञ के यजमान बने। कार्यक्रम में राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर चुके सत्यनारायण भारद्वाज और वयोवृद्ध आर्यसमाजी कलावती आर्या को समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

### बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, शोषण और तस्करी को खत्म करने को सामूहिक प्रयास आवश्यक : डॉ. रेखा

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉक्टर तराना नेगी के मार्गदर्शन में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के द्वारा बाल संरक्षण अधिनियम पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भारत में बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाले कानून और प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। डॉ रेखा सहायक प्राध्यापिका मनोविज्ञान द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया। जिसमें बाल संरक्षण अधिनियम और इसके प्रावधानों, किशोर न्याय अधिनियम, पॉस्को अधिनियम और शिक्षा का अधिकार शामिल रहे। डॉ रेखा ने बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियां दुर्व्यवहार, शोषण और तस्करी को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन नीरा, डॉ विनोद मलिक तथा मधुलता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अनीता राणा तथा सुमन रानी का विशेष सहयोग रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## नपा अध्यक्ष ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सर्दी के मौसम की शुरूआत के साथ ही नगर पालिका जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए सक्रिय हो गई है। वीरवार को नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी और सचिव प्रदीप खर्ब व एमई अमित मोर ने नगरपालिका के प्रथम तल पर बने रैन बसेरे का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने रैन बसेरे की साफ-सफाई, बिस्तर, कंबल, गर्म पानी और रोशनी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने और रैन बसेरे की नियमित मानिटरिंग के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कंबल और हीटर की व्यवस्था करने की बात भी कही। नपाध्यक्ष कहा कि सर्दी में किसी भी गरीब या बेसहारा व्यक्ति को खुले में ठिठुरने नहीं दिया जाएगा। सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि रैन बसेरे की साफ-सफाई का काम चल रहा है और पीने के पानी, शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद नरेश वर्मा और पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन भी उपस्थित रहे।



गन्नौर। नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी, सचिव प्रदीप खर्ब व पालिका अभियंता राहुल मोर के साथ रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए।

## अब विदेशों में खेती कर पाएंगे हरियाणा के किसान, सरकार करेगी सहायता : कादियान

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल से हरियाणा के किसानों के लिए अब विदेशों में खेती के नए रास्ते खुल रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए केन्या दौरे से राज्य की कृषि को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी और किसानों के लिए निवेश व निर्यात के नए अवसर बनेंगे। विधायक कादियान ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें केन्या दौरे पर गए राज्य प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट पेश की गई। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। कादियान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि केन्या सरकार के साथ कृषि सहयोग को मजबूत किया जाए और लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि पर हरियाणा के किसानों द्वारा खेती के लिए समझौते की संभावनाओं पर ठोस प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने बताया कि केन्या की जलवायु और मिट्टी भारतीय फसलों के अनुकूल है, जिससे वहां खेती की बड़ी संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि विदेशों में खेती करने के इच्छुक किसानों को तकनीकी, अनुसंधान और प्रशिक्षण से जुड़ी हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार पवन चौधरी ने केन्या यात्रा की रिपोर्ट प्रस्तुत की।



गन्नौर। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व विधायक देवेंद्र कादियान के साथ राज्य प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**कांस्य पदक विजेता सोनीपत जिले की टीम में शामिल स्कूल के खिलाड़ी हुए सम्मानित**

# सेपक टकरा में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की जूनियर व सब जूनियर सेपक टकरा टीम के खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। फतेहाबाद में आयोजित स्टेट सब जूनियर व जूनियर सेपक टकरा चैंपियनशिप के दौरान ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सोनीपत जिले की टीम ने लड़कों के दोनों वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले जिला स्तर लड़कों के सब जूनियर और जूनियर चैंपियनशिप में भी ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टीम ने दोहरा खिताब हासिल कर अपना जलवा दिखाया था। स्कूल में इन खिलाड़ियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने इन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान आदि रहे।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के सेपक टकरा खिलाड़ी विद्यालय की प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ।

### प्रताप स्कूल के हर्ष दहिया ने स्कूल नेशनल गेम्स में कुश्ती में जीता रजत पदक

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल के प्रतिभाशाली पहलवान हर्ष दहिया ने अपनी शानदार कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्कूल नेशनल गेम्स अंडर -19 के 97 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर स्कूल, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता पानीपत में आयोजित की गई। स्कूल पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश, प्राचार्य दया दहिया, शैक्षणिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया तथा खिलाड़ी के पिता जगबीर दहिया द्वारा उसका स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान वेदप्रकाश दहिया ने हर्ष दहिया को विशेष रूप से बधाई दी। हर्ष के पिता जगबीर दहिया ने अपने पुत्र की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधन और स्टाफ को जीत का श्रेय दिया।




खरखौदा। हर्ष का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन व अभिभावक।